भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1006**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**पाकिस्तान सीमा पर घृणित गतिविधियों के संबंध में गुप्त खबरें प्रदान करने में लगी एजेंसियां**

**†1006. श्री पी.एल. पुनिया :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ, तस्करी व आतंकी गतिविधियों के संबंध में गुप्त सूचना देने वाली एजेंसियां कौन-कौन सी हैं;
(ख) क्या विभिन्न राज्य सरकारों की एजेंसियां भी इस कार्य को कर रही हैं;
(ग) यदि हां, तो क्या केन्द्र सरकार द्वारा राज्य की एजेंसियों की चौकियों पर कर्मचारियों/अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी तंत्र बनाया गया है; और
(घ) तो कितनी चौकियों पर तैनाती शून्य दर्ज की गई है, राज्य-वार ब्यौरा प्रस्तुत करें और यदि नहीं, तो सरकार इस संबंध में क्या मंशा रखती है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)

**(क) से (घ) : पाकिस्तान सीमा पर तैनात सभी सुरक्षा/आसूचना एजेंसियों से पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ, तस्करी तथा आतंकवादी गतिविधियों संबंधी सूचना एकत्र करने की अपेक्षा की जाती है । प्रश्न में मांगी गई अन्य सूचना राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों से जुड़े परिचालनात्मक मामलों से संबंधित है, जिसको उजागर करना भारत के रणनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुकूल नहीं होगा ।**

*****